बृहस्पतिवार
34 साल से देहरादून का विश्वास
23 अप्रैल 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 89
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com
Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुले




हमारे संवाददाता

चमोली। भगवान श्री बद्रीनाथ के कपाट आज सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही पूरा बद्रीनाथ धाम भक्ति और श्रद्धा के भाव से सराबोर हो उठा। इस पावन अवसर पर देश-विदेश से पहुंचे लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बद्री विशाल एवं अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा संपन्न कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर तथा आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित अन्य मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने धाम पहुंचे तीर्थयात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर अनुभव सुनिश्चित करने हेतु हर स्तर पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। मुख्यमंत्री ने देश विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं से हरित एवं स्वच्छ चारधाम यात्रा में सहयोग करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। चारधाम यात्रा के शुभारंभ के साथ ही बद्रीनाथ धाम में आस्था, परंपरा और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला, जो श्रद्धालुओं के लिए एक दिव्य और यादगार अनुभव बनेगा।

कपाट खुलने के इस ऐतिहासिक अवसर पर माणा एवं बामणी गांव की महिलाओं ने पारंपरिक जागरों के साथ मंदिर प्रांगण में झुमैलो नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे संपूर्ण वातावरण लोक संस्कृति और आस्था के रंग में रंग गया। वहीं देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने भी भजन-कीर्तन कर अपनी श्रद्धा अर्पित की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धाम में संचालित भंडारे का रिबन काटकर शुभारंभ किया तथा श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने भंडारा संचालकों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मानव सेवा ईश्वर सेवा उत्थान समिति द्वारा संचालित विशाल भंडारे की सराहना की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, बीकेटीसी के सीईओ विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, रावल अमरनाथ नंबूदरी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी, धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, आचार्य वाणी विलास डिमरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## डीआरडीओ के अनुदान पर चलने वाले स्कूल को बेचने पर माहौल गर्माया

# शिक्षकों, कर्मचारियों व अभिभावकों का हंगामा







संवादाता

देहरादून। डीआरडीओ के अनुदान पर चलने वाले स्कूल को बेचे जाने पर माहौल गर्मा गया है। जिसके चलते शिक्षकों कर्मचारियों व अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया। साथ ही मौके पर डायरेक्टर को बुलाने की मांग की गयी। डीआरडीओ इस स्कूल को समिति के माध्यम से चला रहा था।

आज प्रातः रायपुर स्थित डीआरडीओं के अनुदान पर चलने वाले विद्यालय में जब शिक्षक पहुंचे तो वहां पर हाजरी रजिस्टर न पाकर सकते में आ गये। इसी दौरान वहां पर डीएवी पब्लिक स्कूल के शिक्षक व अधिकारी पहुंचे और उन्होंने इस विद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों के सामने डीएवी पब्लिक स्कूल का रजिस्टर रखकर उनसे उस पर हस्ताक्षर करने के लिए बोला। जिस वहां पर मौजूद शिक्षकों व कर्मचारियों ने हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद उनको बताया गया कि यह विद्यालय डीएवी पब्लिक स्कूल ने खरीद लिया है और आज से उनको उनके रजिस्टर पर ही हस्ताक्षर करने पडेंगे। यह बात सुनते ही वहां पर मौजूद शिक्षकों व कर्मचारियों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना मिलते ही स्कूल में पढने वाले बच्चों के अभिभावक भी वहां पर पहुंच गये और सभी ने वहां पर जमकर हंगामा काटा। उनका कहना था कि उनको बताये बिना उनके भविष्य से खिलवाड किया गया है।

इस विद्यालय के बिकने की खबर सुनते ही आसपास के ग्रामीण भी वहां पर एकत्रित हो गये। जिसके बाद अभिभावकों व शिक्षकों ने जमकर हंगामा करते हुए डायरेक्टर अजय कुमार को मौके पर बुलाने की मांग को जोरशोर से उठाना शुरू कर दी। कर्मचारियों का कहना था कि उनको सूचित किये बगैर वह स्कूल को कैसे बेच सकते है। इससे तो डीआरडीओ व स्कूल प्रशासन के द्वारा उनके भविष्य से खिलवाड किया गया है। यही नहीं वहां पढने वाले लगभग 150 बच्चों के भविष्य से खिलवाड किया गया है। वहीं अभिभावकों का कहना है कि उनके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अभी नया सत्र शुरू होने पर उन्होने नई कितावे व ड्रेस बनवाई थी। जिसे यह लोग बदलने की बात कर रहे है।

वहीं मामले में यह भी जानकारी सामने आयी है कि डीआरडीओ इस विद्यालय को समिति के माध्यम से चला रहा था जिसमें कई कर्मचारी संविदा पर कार्यरत है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# आरक्षण पर गच्चा खा गई भाजपा

देश की आधी आबादी को अपने पक्ष में रखने के लिए जारी राजनीतिक रस्साकशी में पक्ष-विपक्ष के नेताओं ने अपना क्या खूब तमाशा बनाया हुआ है? इसे देश की मातृशक्ति तो देख ही रही है साथ-साथ लोग भी इसका भरपूर लुत्फ ले रहे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा जिसने 3 साल पूर्व नारी वंदन बिल लाकर इस आधी आबादी के वोट बैंक को अपने पाले में खींच लिया था उसकी एक गलती से अब जीती हुई बाजी हारती दिख रही है। भाजपा सरकार इस आरक्षण बिल को एक दशक तक लंबित रखने की गलती न की होती तो उसे न तो बिहार में लाखों महिलाओं के खातों में 10 हजार नगद डालने की जरूरत पड़ती न प्रधानमंत्री को आरक्षण संशोधन बिल व परिसीमन बिल गिरने पर घड़ियाली आंसू बहाने और न राष्ट्रीय संबोधन की जरूरत पड़ती जिसे लेकर अब उनकी चारों तरफ निंदा हो रही है। लोकसभा में बिल पारित न होने के बाद 18 अप्रैल को प्रधानमंत्री ने जो राष्ट्र के नाम संबोधन किया उसने तो उनका सारा ही खेल खराब कर दिया। इस राष्ट्रीय संबोधन में पीएम मोदी ने राष्ट्रहित की कोई एक बात भी न कहते हुए सिर्फ विपक्षी दलों पर महिलाओं का विरोधी होने, पाप करने तथा महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए यही कहा गया कि महिलाएं अपना अपमान कभी नहीं भूलती हैं और वह अब इन दलों व नेताओं को करारा सबक सिखाएगी। उनका यह राष्ट्रीय संबोधन सिर्फ चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन ही नहीं था सरकारी टीवी और रेडियो पर प्रसारित होने वाले संबोधन को लेकर जहां देश के 700 लोगों ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है वहीं कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा अध्यक्ष को खत लिखकर सांसदों के विशेषाधिकार हनन का मामला बताते हुए पीएम मोदी के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही गई है। सांसदों के विशेषाधिकार का दोषी पाए जाने पर उनकी संसद की सदस्यता निलंबित किए जाने से लेकर जेल की सजा तक का प्रावधान है लेकिन हम सभी को यह पता है कि लोकसभा अध्यक्ष और मुख्य चुनाव आयुक्त उन पर कोई कार्रवाई करने वाले नहीं है। लेकिन समूचे विपक्ष ने देश भर में इस बात का प्रचार प्रसार करने के लिए महिलाओं को आरक्षण के नाम पर भाजपा सरकार और पीएम मोदी द्वारा जो संसद से लेकर अपने राष्ट्रीय संबोधन तक नौटंकी कर रहे हैं इसका उद्देश्य महिलाओं को क्या आरक्षण दिलाना था। इसके पीछे उनकी मंशा महिलाओं का हक हड़पने और उनके वोट पर एकाधिकार के जरिए हमेशा सत्ता में बने रहने का एजेंडा ही छिपा था जिसे विपक्ष द्वारा नाकाम कर दिया गया है। इन बिलों के गिरने के बाद भाजपा ने पार्टी की महिलाओं को विरोध प्रदर्शन के लिए उतारा जरूर गया है लेकिन देश की महिलाएं जो उनके मंसूओं को जान समझ चुकी थी उन्होंने भाजपा के इस शो को भी फ्लाप कर दिया है। अब इसे लेकर आम महिलाएं तमाम उन महिला अपराधों को सामने रखकर जिनमें भाजपा नेताओं की संलिप्तता चर्चाओं में रही हैं उनसे ही पूछ रही हैं क्या यही है भाजपा का महिलाओं को दिए जाने वाला सम्मान। कुल मिलाकर भाजपा का यह दांव अब भाजपा पर ही भारी पड़ चुका है। मीडिया खास तौर पर सोशल मीडिया पर इस पूरे प्रकरण को लेकर मोदी और भाजपा पर जबरदस्त हमले किए जा रहे हैं। राजनीति के ज्ञाता तो यहां तक कह रहे हैं कि भाजपा और मोदी ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को फिर से जिंदा होने का अवसर दे दिया है बात सिर्फ यहीं खत्म नहीं हो जाती है अब इसे लेकर भाजपा के नेताओं के बीच भी भारी मतभेद उभर कर सामने आ रहे हैं। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण भले ही मिलना तय हो गया हो लेकिन भाजपा को भविष्य में इसका कोई राजनीतिक लाभ होगा इसकी संभावनाएं तो समाप्त हो ही गई है बल्कि इसका उल्टा नुकसान ही होने वाला है।




## क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट समिति ने प्रेमनगर के राजकीय सरकारी चिकित्सालय में किया वृक्षारोपण

देहरादून (काप्र)। विश्व पृथ्वी दिवस हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और धरती को बचाने के लिए प्रेरित करना है। पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है। बढ़ते प्रदूषण, वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग से धरती को नुकसान पहुँच रहा है। पृथ्वी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमें पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए।पृथ्वी दिवस की शुरुआत 1970 में अमेरिका से हुई थी। इसके संस्थापक गेलॉर्ड नेल्सन थे, जिन्होंने पर्यावरण सुरक्षा के लिए एक आंदोलन शुरू किया।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एवं संस्थापक राम कपूर, अमरनाथ कुमार, शम्भू शुक्ला, जे पी किमोठी, गगन चावला, राजेश बाली, पूजा खुराना, जितेंदर तथा राजकीय सरकारी चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ परमार्थ जोशी, डॉ नरेश गुप्ता, किरण तथा अस्पताल के समस्त नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे।

### आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टियों की रणनीति तय

# टिकट बंटवारे का 'फार्मूला' फिलहाल फाइनल

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। चुनावी साल में राजनैतिक दलों की तैयारियां दिन-प्रतिदिन तेज हो रही है। राजनैतिक दल अपनी रणनीति तय करने के लिए स्थानीय और हाईकमान स्तर पर बैठकों में तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे है। राजनैतिक विशेषज्ञों की मानें तो पार्टियों के लिए सबसे बड़ी समस्या टिकट बंटवारा होता है। इसके लिए दलों ने अपना फार्मूला तय कर दिया है। कांग्रेस और भाजपा के सूत्रों की माने तो टिकट को लेकर फाइनल गाइडलाइन जारी कर दी गई है।

बता दें कि सूबे में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि अभी चुनाव आयोग ने इसकी घोषणा तो नहीं की है, लेकिन राजनैतिक दलों ने अभी से अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। क्योंकि टिकट बटवारे को लेकर भाजपा और कांग्रेस में घमासान मच जाता है। शायद इसी कारण पार्टियों ने अपना फार्मूला तय कर दिया है। हालांकि चुनाव की घोषणा होते-होते इसमें कई बदलाव देखने को मिलते है, लेकिन राजनैतिक दलों की पहली प्राथमिकता रहती है कि टिकट बंटवारे को लेकर घमासान कम मचे। इसलिए सभी दल पहले से यह तय कर लेते हैं कि किस मापदंड के हिसाब से टिकटों का बंटवारा करना है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा और कांग्रेस में अंदरखाने चल



- ●भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेता स्थानीय नेताओं की खंगाल रहे कुंडली
- ●पार्टी हाईकमान प्रदेश में जिताउ और टिकाउ प्रत्याशी की कर रही खोज
- ●भाजपा संगठन संभावित प्रत्याशियों के ग्राउंड जीरों की ले रही है टोह
- ●कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व का दल भी प्रदेश के दौरों में हो गया है व्यस्त

रही बैठकों में यह तय हो गया है और इसके लिए भाजपा और कांग्रेस के बडेध नेताओं को संभावित प्रत्याशियों की कुंडली खंगालने के काम पर लगा दिया गया है।

राजनैतिक सूत्र बताते हैं कि पार्टी हाईकमान मैदान में उन्हीं नेताओं को उतारेगी, जो जिताउ हो और सीट पक्की हो। इसके लिए दल सभी बिंदूओं पर कार्य कर रही है। क्षेत्र में जिस नेता की जितनी पकड़ उतनी उस नेता के जीतने के चांस ज्यादा रहते है। भाजपा की बात करें तो भाजपा की वर्तमान में सरकार है और भाजपा में ही सबसे अधिक टिकट को लेकर घमासान मचने की संभावना है। इसी को देखते हुए भाजपा ने अपनी टीम को सक्रिय कर दिया है। भाजपा की टीम अंदरखाने संभावित प्रत्याशियों की कुंडली खंगालने का कार्य कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस के बडेध नेताओं की उत्तराखंड दौरे भी इसी कारण लग रहे है। कांग्रेस भी चाहती है कि उनका संभावित प्रत्याशी वह हो जो जीत दर्ज कर सके। इसके लिए कांग्रेस भी हर एंगिल से जांच करने में जुटी है।

ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के समय टिकट बंटवारों को लेकर दलों में घमासान मचता है। इसको कम करने के लिए दल अभी से तैयारी में लग जाते है। वर्तमान एआई के युग में हालांकि यह सब बहुत सरल हो गया है, लेकिन जमीनी हकीकत के लिए जमीन पर जाना आवश्यक है। इसी रणनीति के तहत दल कार्य कर रहे है। प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बडेध नेताओं के दौरों को लेकर राजनैतिक विशेषज्ञ कहते हैं कि दोनों दल अपनी जीत को पक्की करने के लिए सभी हथकंडे अपना रहे हैं। प्रत्याशियों की खोज जमीन पर जाकर ही पूरी हो सकती है। इसके लिए पार्टी जिताउ और टिकाउ संभावित प्रत्याशी की खोज कर रही है। भाजपा संगठन और कांग्रेस संगठन ग्राउंड जीरों का कार्यकर्ताओं की टोह लेने में लगी है। इसके लिए दोनों दलों के नेताओं और संगठन के पदाधिकारियों के प्रदेश में दौरे शुरू हो गए है।

# गंगोत्री में चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

हमारे प्रतिनिधि

गंगोत्री। आज गंगा विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने गंगा विचार मंच उत्तराखण्ड के प्रांत संयोजक अपनी समस्त टीम, नगर पंचायत गंगोत्री की समस्त टीम, नगर पंचायत गंगोत्री के कर्मचारी, वन विभाग, गंगोत्री नेशनल पार्क के अधिकारी कर्मचारी, साधु संतों आदि ने गंगोत्री में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया और 100 बोरे प्रवाहित वस्त्रों को एकत्रित किया।



गंगोत्री में आजकल एक दिन मे हजारों श्रधालु पहुंच रहे हैं। जिनमे से नब्बे फीसदी लोग माँ गंगा में पवित्र स्नान करते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा माँ गंगा जी को वस्त्र आदि भेंट करते हैं। दु:खद पहलू ये है कि महिला तीर्थयात्रियों द्वारा बड़ी संख्या में माँ गंगा में श्रृंगार धोती। साड़ी, कंघी, शीशा व वस्त्र धोती साड़ी माँ गँगा में भेंट (प्रवाहित) की जा रही हैं।गौरतलब है कि बड़ी संख्या में कई श्रद्धालु पुराने कपड़े भी विसर्जित करते नजर आये।

गंगा विचार मंच उत्तराखंड पिछले 12 वर्षों से माँ गंगा के धाम आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अपील करता आ रहा है कि माँ गंगा में किसी भी तरह के वस्त्र, पूजा, श्रृंगार सामग्री न बहाएँ। इनसे माँ गंगा में प्रदूषण ही बढ़ता है। माँ गंगा आपके द्वारा माँ गंगा की धारा में प्रवाहित किये वस्त्रों , पूजा व श्रृंगार सामग्री से खुश नहीं अपितु व्यथित ही होती हैं। इन वस्त्रों से माँ का श्रृंगार खूबसूरत होने के बजाय बदरंग ही होता है। आप जो कुछ भी वस्तुएं, पूजा, श्रृंगार व वस्त्र धोती कुर्ता साड़ी भेंट करना चाहते हैं तो माँ गंगा के मुख्य मंदिर गंगोत्री मंदिर में ही चढाएं या फिर किसी जरूरत मंद लोगों को भेंट करें। माँ गंगा आपके द्वारा जरूरतमंद लोगों व मुख्य मंदिर में दान किये वस्त्रों के बाद आपको असीम प्यार ,आशीर्वाद व आशीष देंगी।

गँगा विचार मंच के प्रदेश संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट ने गंगोत्री में श्रद्धालुओं व तीर्थयात्रियों व लोगो से अपील की कि माँ गँगा में किसी भी तरह को पूजा श्रृंगार सामग्री, खासकर वस्त्र यानी साड़ी धोती व कपड़े प्रवाहित न करें। गँगा विचार मंच ने गंगोत्री मन्दिर समिति से भी गुजारिश कर कहा कि मंदिर समिति भी श्रद्धालुओं से अपील करे कि श्रद्धालु वस्त्र आदि गंगोत्री मंदिर में ही भैंट करें।

गँगा विचार मंच व जिला गँगा समिति उत्तरकाशी पिछले वर्ष वा इस वर्ष जनजागरण व जागरूकता के लिए गंगोत्री में इस तरह के बैनर लगाए, वाल पेंटिंग वा राइटिंग की हैं जिसमे ये सूचना है कि माँ गंगा के प्रवाह में किसी भी तरह के वस्त्र आदि न प्रवाहित करें। गंगा विचार मंच ने इस विषय/गंभीर समस्या को नमामि गंगे, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जलशक्ति मंत्रालय के साथ साथ प्रधानमंत्री कार्यालय को भी अवगत करवाया है। गंगा विचार मंच की पहल है की आने वाले समय में प्रधानमंत्री जी के मन की बात में इस विषय को जगह मिले। हमारी कोशिश अवस्य रंग लाएगी।

आज के स्वच्छता कार्यक्रम में नगर पंचायत गंगोत्री के अधिशासी अधिकारी जयानंद सेमवालजी, रेंजर प्रदीप बिष्ट, राजबीर रावत वन दरोगा, ब्रिज रमोला फॉरेस्ट गार्ड। वेंकर्मी दीपक सिंह, खेमराज राणा, महादेव प्रसाद वन दरोगा गोविंद सिंह, विक्रम सिंह वीरबल राजवार, सतबीर, जयबीर, कुश राणा, श्रीदेव रावत, रेंजर जसवंत चौहान, स्वामी बृजनंद जी आदि ने अहम भूमिका निभाई।

# 10 एकड़ गेहूं की फसल फूंकने का आरोप, किसानों ने घेरा थाना

काशीपुर(आरएनएस)। ग्राम विकमपुर में 10 एकड़ गेहूं की तैयार फसल में जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाते हुए आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को भाकियू के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की सिंह रंधावा के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन किया और आरोपी महिला व उसके पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर सौंपी। पीड़ित किसान गुरप्रीत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने विकमपुर में 10 एकड़ भूमि ठेके पर लेकर गेहूं की बुवाई की थी। फसल पूरी तरह पककर तैयार थी, लेकिन एक व्यक्ति और उसकी पत्नी ने रंजिश के चलते खेत में आग लगा दी। पूरी फसल को राख कर दिया, जिससे किसान को लगभग 4.50 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

भाकियू नेता विक्की सिंह रंधावा ने आरोप लगाया कि आरोपी महिला ने पूर्व में भी फसल जलाने की धमकी दी थी। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला ने कूड़े के बहाने जानबूझकर फसल के पास आग लगाई। आग लगने के बाद महिला ने उसे बुझाने का कोई प्रयास नहीं किया। किसानों ने घटना का वीडियो साक्ष्य के तौर पर पुलिस को सौंपा है। कोतवाल नरेश चौहान ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच के आदेश दिए गए हैं। एसएसआई विक्रम धामी को जांच सौंपी गई है। यहां गुरप्रीत सिंह ढिल्लो, हृदय चहल, विक्रम सिंह, प्रभशरण, जपारा सिंह, गगन सरना, हरपाल सिंह, गेजा, पिंडा सिंह, मन्नू, शीतल, भंगु, राजवीर चीमा, बब्बू सिंह, बिंदर सिंह और जिंदर सिंह आदि रहे।

# टमाटर की उन्नत खेती का दिया प्रशिक्षण

हल्द्वानी(आरएनएस)। ज्योलीकोट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को टमाटर की संरक्षित खेती विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। किसानों को संरक्षित खेती से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई, जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। केंद्र प्रभारी डॉ. संजय चौधरी और वरिष्ठ सब्जी वैज्ञानिक डॉ. दीपाली तिवारी पांडे ने पिंचिंग, पौधों की कटाई-छंटाई और स्टेकिंग जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों को इन तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया, ताकि वे इन्हें अपने खेतों में आसानी से लागू कर सकें। इस दौरान कृषकों को टमाटर और अन्य सब्जियों में मल्चिंग विधि के प्रभावों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। भद्यूठी, गाजा, सरीयाताल, डांगड़ सहित आसपास के गांवों से 20 किसान और महिला कृषकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। यहां डॉ. कंचन, डॉ. राकेश, डॉ. सुधा, डॉ. शशि, सरीयाताल ग्राम प्रधान हरगोविंद सिंह रावत, रेनू भंडारी, आशा बोरा आदि रहे।

# गर्म हवा और तेज धूप ने बढाई ही लोगों की परेशानी

बागेश्वर(आरएनएस)। शहर में भीषण गर्मी और तेज धूप ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। मंगलवार को तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई, लेकिन लू जैसी गर्म हवाओं के कारण लोगों को राहत नहीं मिली। दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। मौसम के आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को अधिकतम तापमान 38.0 और न्यूनतम 17.0 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सोमवार के 39.5 डिग्री अधिकतम तापमान की तुलना में लगभग डेढ़ डिग्री कम है। तापमान में मामूली गिरावट के बावजूद तीखी धूप और गर्म हवाओं का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले चार दिनों तक गर्मी से राहत की संभावना नहीं है। चिलचिलाती धूप के कारण लोग दोपहर में घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं, जिससे शहर के बाजारों में भी रौनक कम हो गई है। पंतनगर विश्वविद्यालय में तैनात मौसम वैज्ञानिक डॉ. ए.एस. नैन ने बताया कि फिलहाल मौसम शुष्क बना रहेगा।

# सरकार ने नहीं सुनी मांग तो ग्रामीणों ने खुद उठाई गैंती-कुदाल

चमोली(आरएनएस)। खेल मैदान के लिए वर्षों तक सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बाद भी जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों ने खुद ही श्रमदान कर खेल मैदान तैयार करने का बीड़ा उठाया।

विकासखंड पोखरी के गुणम गांव के ग्रामीण गैंती-कुदाल उठाकर अब श्रमदान कर खेल मैदान बनाने में जुट गए। गुणम के ग्रामीणों ने कहा कि उनके क्षेत्र में खेल मैदान नहीं होने से बच्चों की खेल गतिविधियां प्रभावित हो गई हैं। किसी को सेना में भर्ती के लिए अभ्यास करना है या खेल का प्रशिक्षण लेना है मगर मैदान नहीं होने से उन्हें खेतों में ही खेल व अन्य अभ्यास करने पड़ते हैं। पूर्व ग्राम प्रधान सज्जन नेगी ने बताया कि गांव में खेल मैदान के लिए शासन-प्रशासन को कई पत्र लिखे, जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई। मगर उनकी मांग को किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। ऐसे में सभी ने तय किया कि वे खुद श्रमदान कर जमीन को समतल कर मिनी स्टेडियम बनाएंगे। अब खिरगढ़ तोक में गांव की जमीन पर ग्रामीणों ने काम करना शुरू कर दिया है। गांव के सभी लोग इसमें सहयोग कर रहे हैं। ग्राम प्रधान अंजू देवी, महिला मंगल दल अध्यक्ष सुनीता देवी, युवक मंगल दल अध्यक्ष विकेंद्र नेगी, पुष्पा देवी और कुसुम देवी सहित सभी ग्रामीण खेल मैदान बनाने में जुटे हैं।

# सुदृढ़ संचार नेटवर्क की दिशा में प्रशासन का निर्णायक कदम, टेलीकॉम समिति की बैठक में विकास की रूपरेखा तय

बागेश्वर(आरएनएस)। जनपद में आधुनिक एवं निर्बाध संचार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रशासन ने गंभीर पहल करते हुए ठोस कदम उठाए हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में आयोजित टेलीकॉम समिति की बैठक में दूरसंचार सेवाओं की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों एवं कंपनियों को स्पष्ट एवं समयबद्ध दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में स्थापित सभी दूरसंचार टावरों की कार्यशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने बीएसएनएल के एसडीओ को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर टावर स्थापित हैं, वहां तीन दिवस के भीतर ग्राम प्रधानों से प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया जाए, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। साथ ही, सड़क, सीवर लाइन अथवा अन्य निर्माण कार्यों के दौरान दूरसंचार लाइनों को किसी भी प्रकार की क्षति से बचाने के लिए संबंधित विभागों को बीएसएनएल के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। भारत नेट योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को नोडल अधिकारी की नियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा, ताकि योजना की सतत मॉनिटरिंग हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान डिजिटल युग में शिक्षा, शासन एवं जनसेवाओं का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन माध्यमों पर निर्भर है, ऐसे में निर्बाध नेटवर्क की उपलब्धता अत्यंत अनिवार्य हो गई है।

इसके अतिरिक्त, उप जिलाधिकारी कपकोट को सभी वी-सैट की कार्यशीलता की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार नए उपकरणों की खरीद प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए, जिससे आगामी मानसून से पूर्व उनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके और किसी भी आपात स्थिति में संचार व्यवस्था बाधित न हो। बैठक में एसडीओ आशीष निगम ने अवगत कराया कि 4G सैचुरेशन योजना के अंतर्गत जनपद में अब तक 48 नए टावर स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि नेटवर्क विस्तार को और सुदृढ़ करने हेतु 7 नए टावर प्रस्तावित हैं, जिनमें भागदानू (गरुड़), भानार, बैसानी, बड़ेत, चोरखड़क, कन्यालिकोट (कपकोट) एवं पौसारी क्षेत्र शामिल हैं। वहीं भारत नेट योजना के प्रथम चरण में 124 ग्राम पंचायतों में इंटरनेट सेवा सफलतापूर्वक संचालित की जा चुकी है। बैठक के अंत में बीएसएनएल द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई कि वे बेहतर 4G सेवाओं का लाभ उठाने हेतु अपने 2G सिम को शीघ्र 4G सिम में परिवर्तित कर लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत एवं उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## छिद्दरवाला में समूह भोजनालय का शुभारंभ

ऋषिकेश(आरएनएस)। ग्रामोत्थान परियोजना और श्रीदेव सुमन स्वायत्त सहकारिता के तहत छिद्दरवाला की महिला समूहों से जुड़ी महिलाओं ने स्वरोजगार की दिशा में सराहनीय पहल की है। छिद्दरवाला में सुखमणि पेट्रोल पंप के समीप 'हिमालयन भोजनालय' का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह नेगी और जिला पंचायत सदस्य साहबनगर विजयलक्ष्मी पंवार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों और महिला समूह की सदस्याओं में खासा उत्साह देखने को मिला। देवेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि महिला समूहों की यह पहल सराहनीय है, इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि रीप परियोजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में महिला समूह की सदस्य अनीता राणा ने रीप परियोजना की जानकारी देते हुए सरकार और संबंधित अधिकारियों का आभार जताया।

## बीजीआर परिसर में छात्रों ने की अनिश्चितकालीन तालाबंदी

पौड़ी(आरएनएस)। बीजीआर परिसर में छात्रों ने विभिन्न मांगों के समाधान के लिए अनिश्चितकालीन तालाबंदी शुरू कर दी है। छात्रों ने प्रशासनिक भवन पर ताला जड़ते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों का आरोप है कि वे लंबे समय से परिसर की समस्याओं के लिए विवि प्रशासन से मांग कर रहे हैं लेकिन उनकी अनदेखी की जा रही है। परिसर प्रशासन और छात्रों के बीच हुई वार्ता भी बेनतीजा रही जिससे नाराज छात्रों ने आंदोलन तेज कर दिया। छात्रसंघ अध्यक्ष चिराग गुसाईं ने बताया कि परिसर में प्रस्तावित खेल मैदान का निर्माण कार्य शुरू होने के बाद अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे छात्रों में रोष है। उन्होंने कहा कि परिसर में छात्र संख्या लगातार घट रही है जो चिंता का विषय है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि जब तक कुलपति स्वयं बीजीआर परिसर पहुंचकर वार्ता नहीं करते, तब तक तालाबंदी जारी रहेगी। आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नगर पालिका सभासद गौरव सागर ने कहा कि छात्रहित की इस लड़ाई में वे पूरी तरह छात्रों के साथ हैं। प्रदर्शनकारियों में छात्रसंघ उपाध्यक्ष मानसी डंगवाल, निखिल, कौस्तुभ, सिमरन, साहिल, कुश आदि शामिल रहे।

## दून-डोईवाला मार्ग पर हर दिन जोखिमभरा सफर

ऋषिकेश(आरएनएस)। देहरादून-डोईवाला मार्ग पर रेलवे पुल से फ्लाईओवर तक करीब 500 मीटर लंबा पैच गड्ढों में तब्दील हो चुका है। सड़क की खराब हालत के चलते वाहन चालक और पैदल राहगीरों को दुर्घटनाओं का जोखिम बना हुआ है। शिकायत के बावजूद पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मार्ग की मरम्मत को तैयार नहीं दिख रहे हैं। सभासद रीना कोठारी ने बताया कि सड़क की जर्जर हालत की वजह से दोपहिया वाहन चलाते हुए अक्सर लोग लड़खड़ा जाते हैं। पैदल गुजरते लोगों को गड्ढों में हिचकोले खाते वाहनों की चपेट में आने का खतरा बना रहता है। सभासद मनीष धीमान ने बताया कि यह सड़क क्षेत्र के लोगों की लाइफलाइन की तरह है। गड्ढों के कारण आने-जाने में परेशानी बढ़ रही है। विधायक बृजभूषण गैरोला ने बताया कि सड़क का यह मामला जानकारी में है। पीडब्ल्यूडी को शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं।

# न्यू बस अड्डे में एलपीजी सिलिंडर नहीं पहुंचने पर भड़के उपभोक्ता

पौड़ी(आरएनएस)। एलपीजी गैस सिलिंडरों को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही है।

उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में लगने के बाद भी सिलिंडर नहीं मिल पा रहे हैं। हालांकि पूर्ति विभाग दावा कर रहा है कि एलपीजी गैस सिलिंडरों की कोई किल्लत नहीं है। मंगलवार को पौड़ी न्यू बस अड्डे पर सुबह से लाइन पर घंटों खड़े उपभोक्ताओं का इंतजार आक्रोश में बदल गया। उन्होंने न्यू बस अड्डे से गुजरने वाले राज्य राजमार्ग पौड़ी- देवप्रयाग पर जाम लगाकर धरना देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले को बढ़ता देख जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और उपभोक्ताओं को समझाने का प्रयास किया। आश्वासन दिया कि 24 अप्रैल से पहले सभी को सिलिंडर मुहैया कराए जाएंगे, इसके बाद उपभोक्ताओं ने प्रदर्शन रोका। दरअसल बीते सोमवार को निर्धारित रोस्टर के अनुसार न्यू बस अड्डे और सर्किट हाउस मोहल्ले में एलपीली सिलिंडरों का वितरण होना था जिसके लिए उपभोक्ता अपने तय प्वाइंटर पर सुबह से ही लाइन में लगे रहे।

घंटों इंतजार के बाद भी सिलिंडर का वाहन नहीं आया तो उपभोक्ताओं ने फिर दूसरे दिन मंगलवार को लाइन लगाकर सिलिंडर पहुंचने का इंतजार किया। करीब 12 बजे तक उपभोक्ता सिलिंडर पहुंचने की राह ताकते रहे। उपभोक्ता मोहित सिंह, सज्जन सिंह, हरीश ने बताया कि सुबह 6 बजे से लाइन लगाकर सिलिंडर का इंतजार कर रहे हैं।

सिलिंडरों के लिए लोगों की दिनचर्या ही प्रभावित हो रही है। इस मौके पर आशीष नेगी, उषा देवी, संग्राम सिंह, शुभम बिष्ट, मुकेश, कंचन, सुनीता, सुरेंद्र, दिनेश, विपिन आदि मौजूद रहे। वहीं जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि पौड़ी में हर दिन 2700 सिलिंडर बंट रहे हैं। दावा किया कि पौड़ी में सिलिंडरों की कोई किल्लत नहीं है। उपभोक्ताओं को लाइनों से मुक्ति दिलाने के लिए होम डिलीवरी सिस्टम शुरू किया जा रहा है।

# सुबह खाली पेट सबसे पहले ठंडा या गर्म पानी, कौन सा पानी सेहत के लिए है बेस्ट

कुछ लोग सुबह-सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू डालकर पीते हैं। तो कुछ लोग खाली पेट एकदम गर्म पानी या नॉर्मल पानी पीते हैं। आइए जानते हैं ठंडा-गर्म पानी पीने से शरीर पर इसका पॉजिटिव और नेगेटिव असर डालता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गर्म या ठंडा पानी पीने से आपका शरीर स्वस्थ और हाइड्रेटेड रहता है। कुछ लोग दावा करते हैं कि ठंडा पानी पीने की तुलना में गर्म पानी विशेष रूप से पाचन में सुधार, कंजेशन से राहत और यहां तक कि आराम को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक सुबह खाने से पहले या रात को सोने से पहले गर्म या ठंडा पानी पीना चाहिए। गर्म पेय पदार्थ पीते समय, शोध 13० और 16०ए एफ (54 और 71ए सी) के बीच इष्टतम तापमान की सिफारिश करता है। इससे ऊपर का तापमान जलने या झुलसने का कारण बन सकता है। स्वास्थ्य वृद्धि और कुछ विटामिन सी के लिए, नींबू पानी बनाने के लिए गर्म पानी में थोड़ा नींबू मिलाने का प्रयास करें।

नाक साफ रहता है

गुनगुना पानी पीने से साइनस ठीक होने में मदद मिलती है। साइनस सिरदर्द से भी राहत मिल सकती है। चूंकि आपके साइनस और गले में श्लेष्मा झिल्ली होती है, इसलिए गर्म पानी पीने से उस क्षेत्र को गर्म करने में मदद मिल सकती है और बलगम बनने के कारण होने वाली गले की खराश से राहत मिल सकती है। 2००8 के एक पुराने रिसर्च के मुताबिक चाय जैसे गर्म पेय से बहती नाक, खांसी, गले में खराश और थकान से त्वरित, स्थायी राहत मिलती है। गर्म पेय कमरे के तापमान पर उसी पेय की तुलना में अधिक प्रभावी था।

पाचन में सहायता मिलती है

पानी पीने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। जैसे ही पानी आपके पेट और आंतों से होकर गुजरता है। शरीर का पाचन तंत्र ठीक से काम करता है। कुछ लोगों का मानना है कि गर्म पानी पीना पाचन तंत्र को एक्टिव रखता है। गर्म पानी आपके द्वारा खाए गए भोजन को भी घोल सकता है और नष्ट कर सकता है जिसे पचाने में आपके शरीर को परेशानी हो सकती है। इस लाभ को साबित करने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है।

हालांकि साल 2०16 के एक अध्ययन से पता चला है कि गर्म पानी सर्जरी के बाद आंतों की गतिविधियों और गैस सही से निकलता है। यदि आपको ऐसा लगता है कि गर्म पानी पीने से आपके पाचन में मदद मिलती है, तो इसे एक उपाय के रूप में उपयोग करने में कोई नुकसान नहीं है। गर्म हो या ठंडा, आपके तंत्रिका तंत्र की कार्यप्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। अंतत: मूड और मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को प्रभावित कर सकता है। साल 2०19 ट्रस्टेड सोर्स के शोध से पता चला है कि पीने का पानी केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की गतिविधि के साथ-साथ मूड में भी सुधार कर सकता है।

# पुरानी जींस को फेकें नहीं, बनाएं काम की चीजें

अगर आपके पास भी ऐसी जींस है जिसे पहन-पहनकर आप बोर हो गई हैं और अब बस उसे फेंक देना चाहती हैं, तो ऐसा न करें। आपकी पुरानी जींस आपके काफी काम आ सकती है। इससे ऐसी-ऐसी चीजें बन सकती हैं, जिसके बारे में आपने शायद सोचा भी न हो। हम बता रहे हैं आपको ऐसी ही 5 चीजों के बारे में, जिन्हें आप आसानी से अपनी जींस से बना सकती हैं।

वैक्स स्ट्रिप क्या आप भी घर पर वैक्स करती हैं? अगर हां तो अपनी पुरानी जींस से वैक्स स्ट्रिप तैयार करें। डेनिम फैब्रिक बाकी कपड़ों या मटीरियल के मुकाबले ज्यादा मजबूत होता है, ऐसे में वैक्सिंग की प्रक्रिया भी बेहतर तरीके से पूरी हो जाती है। स्ट्रिप बनाने के लिए एक मेजरिंग टेप, पेन और कैंची ले आएं। आपको जितनी लंबी स्ट्रिप चाहिए उस हिसाब से नाप लेते हुए पैन से मार्क लगा लें। अब इन्हें कैंची से काट लें। वैक्सिंग के बाद इन्हें बस गरम पानी में साबुन के साथ भिगा दें और फिर धो लें। ये फिर से इस्तेमाल करने के लिए रेडी हो जाएंगीं।

हेयर बैंड जींस के घुटने के नीचे के पोर्शन को लें और उसे तीन हिस्सों में काट लें। अब जैसे आप चोटी गूंथती हैं, वैसे ही इन तीनों हिस्सों को गूंथ लें। दोनों एंड्स पर गांठ बांध लें और नीचे ही ओर कुछ खुला हिस्सा रहने दें। इसे बालों पर आगे की ओर लगाएं और पीछे से बचे हुए खुले हिस्से को बांध लें। लीजिए आपका क्यूट सा हेयर बैंड तैयार है।

कप होल्डर जींस के नीचे के एंड्स को लें और उसे करीब पांच इंच लंबाई में काट लें। अब बचे हुए कपड़े में से दो पतली-पतली, 8-8 इंच लंबी पट्टी काट लें। इन पट्टियों को सुई-धागे की मदद से स्ट्रैप की तरह दूसरे कटे हुए हिस्से से जोड़ लें। इसमें आप आराम से कॉफी कप को फंसा सकेंगी और बिना हाथ जलाए उसे कैरी कर सकेंगी। आप चाहे तो स्ट्रैप अवॉइड भी कर सकती हैं।

पेन होल्डर कार्डबोर्ड का एक हिस्सा लें और 3 इंच चौड़ाई व 6 इंच लंबाई के चार हिस्से काट लें। इनके कॉर्नर्स को ग्लू से एक-दूसरे से चिपका दें। अब निचले हिस्से का नाप लें और उसके अनुसार बोर्ड का एक और हिस्सा काट लें। इसे चारों पीस के लोअर पोर्शन से चिपका दें।

# इम्युनिटी के लिए विटामिन्स की ओवरडोज घातक




विटामिन्स आपकी इम्युनिटी को बनाए रखने का काम करती हैं। लेकिन आजकल डॉक्टर्स के पास जो पेशंट्स आ आ रहे हैं, उनमें ऐसे मरीजों की संख्या अधिक है, जो अधिक मात्रा में विटामिन्स के सेवन के कारण सेहत संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं...

आइए, यहां जानते हैं कि विटमिन्स का अधिक सेवन करने पर प्रारंभिक स्तर पर शरीर में किस तरह की समस्याएं देखने को मिलती हैं और अगर लंबे समय तक अधिक मात्रा में इनका सेवन किया जाए तो किस विटमिन के अधिक खाने से कौन-सी बीमारी हो सकती है...

हमने हेल्थ एक्सपर्ट्स से यह समझने की कोशिश की कि आखिर अधिक मात्रा में विटमिन्स के सेवन से किस तरह की समस्याएं होती हैं। क्योंकि आजकल लोग विटमिन-ए, विटमिन-सी और विटमिन-डी का भरपूर मात्रा में सेवन कर रहे हैं। शहर के अलग-अलग मेडिकल स्टोर्स पर इन विटमिन की गोलियां खरीदनेवालों की बड़ी संख्या पहुंच रही है।

बढ़ रही हैं इस तरह की समस्याएं

-विटमिन्स के अधिक उपयोग को लेकर हमने ना केवल अलग-अलग डॉक्टर्स से बात की बल्कि अलग-अलग पेथी से जुड़े डॉक्टर्स से यह भी जाना कि उनके पास इस समय जो मरीज आ रहे हैं, उनमें इन विटमिन्स के अधिक सेवन के कारण किस तरह की समस्याएं देखने को मिल रही हैं? इस बारे में होम्योपेथी के डॉक्टर चरनजीत सिंह का कहना है कि पेट में जलन, गले में रूखापन और थकान की समस्या से ग्रसित लोग अधिक आ रहे हैं। इनकी शिकायत होती है कि हम तो हेल्दी खाना खा रहे हैं, विटमिन्स का सेवन कर रहे फिर थकान क्यों रहती है?

-तब इनकी दिनचर्या के बारे में पता कर इनकी डायट और विटमिन्स की डोज से जुड़ी जानकारी लेने के बाद हम इन्हें विटमिन्स की सही मात्रा के बारे में बताते हैं और तुरंत राहत के लिए कुछ जरूरी दवाएं देते हैं। वैसे विटमिन्स की प्राप्ति के लिए जो लोग अधिक मात्रा में अलग-अलग सप्लिमेंट्स का उपयोग कर रहे हैं, जब वे ऐसा करना छोड़ देते हैं तो दो-तीन दिन बाद ही उनकी स्थिति में सुधार होने लगता है।

विटमिन-ए की अधिकता से होता है यह नुक्सान

-आयुर्वेदाचार्य वैद्य सुरेंद्र सिंह कहते हैं कि विटमिन-ए आंखों की सेहत और रेटिना को हेल्दी बनाए रखने में बहुत सहायक होता है। यह हमारी आंखों की नर्व्स में फैट को जमा नहीं होने देता और कोशिकाओं को लंबे समय तक स्वस्थ रखता है। इससे हमारी आंखों की रोशनी बनी रहती है।

-लेकिन यह विटमिन ऐंटिऑक्सीडेंट के रूप में भी काम करता है। आप इसकी प्राप्ति खाद्य पदार्थों द्वारा करेंगे, तब तो यह शरीर को इस तरह की हानि नहीं पहुंचाता है लेकिन यदि सप्लिमेंट्स के माध्यम से आप विटमिन-ए की ओवरडोज लंबे समय तक लेते रहते हैं तो आंखों को स्वस्थ रखनेवाला यह तत्व आंखों को नुकसान पहुंचा देता है।

विटमिन-सी की अधिकता से होनेवाली दिक्कत

अभी ज्यादातर लोग विटमिन-सी की प्राप्ति के लिए खट्टे फलों का सेवन किया करते थे। लेकिन अब बड़ी मात्रा में इसकी टैबलेट्स ले रहे हैं। यह बात सही है कि यह विटमिन हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

-इम्यून सेल्स और खासतौर पर वाइट ब्लड सेल्स काउंट बढ़ाने में विटमिन-सी सहायक है। लेकिन गोलियों के माध्यम से अधिक मात्रा में लंबे समय तक इसका सेवन पेट में दर्द बने रहना, उल्टी, दस्त होना जैसी समस्याओं का कारण बन जाता है। अगर स्थिति अधिक गंभीर हो तो गुर्दे की पथरी भी हो सकती है।

विटमिन-डी की अधिकता से समस्या

आमतौर पर इस तरह के केस कम देखने को मिलते हैं, जिनमें मरीज को कोई दिक्कत विटमिन-डी की अधिकता के कारण हुई हो। क्योंकि आमतौर पर पूरी दुनिया के लोगों में इस विटमिन की कमी ही पाई जाती है। खासतौर पर हमारे देश की महिलाओं और सिटिंग जॉब करनेवाले उन लोगों में जो सनलाइट में बिल्कुल नहीं रहते हैं।

-लेकिन फिर भी अगर कोई व्यक्ति सप्लिमेंट्स के जरिए विटमिन-डी का अधिक मात्रा में सेवन करता रहता है तो उसे मांसपेशियों में अकड़न, दर्द या किडनी स्टोन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए यह बात बहुत जरूरी है कि आप विटमिन्स का सेवन भी अपने चिकित्सक की देखरेख में करें। ताकि सही डोज से आपको केवल लाभ हो।

## शब्द सामर्थ्य -008


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 07 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

# चाहत खन्ना ने चुनी आत्म-जागरुकता की राह

तेज़ रफ्तार जिंदगी और बाहरी सफलता की होड़ के बीच, चाहत खन्ना एक ऐसी दिशा में कदम बढ़ा रही हैं, जहाँ असली फोकस भीतर के संतुलन पर है। उनका यह परिवर्तनकारी दौर केवल वेलनेस ट्रेंड्स तक सीमित नहीं, बल्कि एक गहरी आत्म-खोज की यात्रा है, जो शरीर, मन और ऊर्जा के बीच सामंजस्य स्थापित करने पर आधारित है। योग, आयुर्वेद, न्यूमरोलॉजी और ऊर्जा से जुड़े अभ्यासों को अपनाते हुए चाहत खन्ना यह समझने की कोशिश कर रही हैं कि वास्तविक संतुलन कैसा महसूस होता है।



उनका मानना है कि हर व्यक्ति की आंतरिक संरचना अलग होती है, इसलिए हीलिंग भी व्यक्तिगत होनी चाहिए, न कि एक जैसी सबके लिए। चाहत खन्ना कहती हैं, एक समय ऐसा आता है जब सब कुछ सही करने के बावजूद भी भीतर खालीपन महसूस होता है। इस यात्रा ने मुझे अपनी लय को समझना सिखाया है, जहाँ संतुलन किसी लक्ष्य की तरह नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक अवस्था बन जाता है। उनकी यह सोच आज के बदलते दौर की झलक भी देती है, जहाँ वेलनेस अब सिर्फ फिटनेस नहीं, बल्कि गहरी आत्म-जागरूकता का हिस्सा बन चुका है। चाहत खन्ना की यह यात्रा न सिर्फ व्यक्तिगत बदलाव की कहानी है, बल्कि उन सभी के लिए प्रेरणा है जो खुद से जुड़ने की तलाश में हैं।

# नजर आई साई पल्लवी और जुनैद खान की जादुई केमिस्ट्री!

आमिर खान प्रोडक्शंस की आने वाली फिल्म एक दिन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। पर्दे पर एक प्यारी सी प्रेम कहानी लेकर आ रही इस फिल्म ने अपने ट्रेलर और गानों से लोगों को बांधे रखा है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए फिल्म का नया गाना ख्वाब देखूं रिलीज हो गया है, जो हमें जुनैद खान और साई पल्लवी के बीच पनपते रोमांस की जादुई दुनिया में ले जाता है।

एक दिन का यह गाना ख्वाब देखूं सुनने में वाकई बहुत सुकून देने वाला है। खूबसूरत वादियों के बीच फिल्माया गया यह गाना साई और जुनैद की धीरे-धीरे आगे बढ़ती लव स्टोरी को दिखाता है। इसमें हम शर्मीले और सीधे-सादे जुनैद को चुलबुली और दिलकश साई के प्यार में पड़ते हुए देखते हैं। दोनों के बीच का यह प्योर रोमांस आज के दौर में कम ही देखने को मिलता है। यह गाना अपने शांत और रोमांटिक अहसास को पूरी तरह बरकरार रखता है।

अरिजीत सिंह और तरन्नुम मलिक जैन की जादुई आवाजों में सजे इस गाने को राम संपत ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। अरिजीत की रूहानी आवाज सीधे दिल को छू लेती है और प्यार के असली अहसास को जगाती है, जिससे इस जादुई प्रेम कहानी को देखने की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। एक दिन का यह गाना ख्वाब देखूं सुनने में वाकई बहुत सुकून देने वाला है। खूबसूरत वादियों के बीच फिल्माया गया यह गाना साई और जुनैद की धीरे-धीरे आगे बढ़ती लव स्टोरी को दिखाता है। इसमें हम शर्मीले और सीधे-सादे जुनैद को चुलबुली और दिलकश साई के प्यार में पड़ते हुए देखते हैं। दोनों के बीच का यह प्योर रोमांस आज के दौर में कम ही देखने को मिलता है। यह गाना अपने शांत और रोमांटिक अहसास को पूरी तरह बरकरार रखता है।

अरिजीत सिंह और तरन्नुम मलिक जैन की जादुई आवाजों में सजे इस गाने को राम संपत ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। अरिजीत की रूहानी आवाज सीधे दिल को छू लेती है और प्यार के असली अहसास को जगाती है, जिससे इस जादुई प्रेम कहानी को देखने की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# मारवाड़ी चौक से नृसिंह मंदिर होते हुए बदरीनाथ भेजे जाएंगे वाहन

चमोली( आरएनएस)। बदरीनाथ धाम की यात्रा को देखते हुए ज्योतिर्मठ में वन वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर दी गई है। बदरीनाथ धाम जाने वाले वाहन मारवाड़ी चौक से नृसिंह मंदिर होते हुए जाएंगे। यात्रा के दौरान जाम से बचने के लिए नगर में यह व्यवस्था लागू की गई। कोतवाली ज्योतिर्मठ में प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र रावत ने व्यापार संघ, होटल एसोसिएशन, टैक्सी यूनियन के साथ बैठक की और सभी को यात्रा के दौरान वन वे ट्रैफिक व्यवस्था से अवगत कराया। बदरीनाथ धाम जाने वाले वाहन मारवाड़ी चौक से नृसिंह मंदिर होते हुए जाएंगे जबकि वापस आने वाले वाहन मुख्य बाजार से लौटेंगे। उन्होंने कहा कि रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक वन वे में छूट रहेगी। सामान उतारने के लिए व्यापारियों के लिए तीन जगह मुख्य बाजार, गुरुद्वारे के पास और बदरीनाथ टैक्सी स्टैंड चिह्नित की गई हैं। इसके अलावा अन्य जगह पर वाहन खड़े नहीं होंगे। यदि अन्य जगह पर वाहन खड़े रहे तो चालानी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष नैन सिंह भंडारी, होटल एसोसिएशन से अजय भट्ट, टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष देवेंद्र राणा, सुभाष डिमरी, अमीत सती आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल वेस्ट जलाने पर काटा 23 हजार का चालान

हल्द्वानी (आरएनएस)। वार्ड 11 के पांडे निवास क्षेत्र में खाली प्लॉट में मेडिकल वेस्ट और कूड़ा जलाने के मामले में 23 हजार रुपये का चालान काटकर जुर्माना वसूला गया। साथ ही प्लॉट स्वामी नरेश कुमार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर सौंपी गई है।


जानकारी के अनुसार, पांडे निवास के खाली प्लॉट में जमा मेडिकल वेस्ट और कूड़े में शनिवार रात अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी थी, जिससे वहां रखे नगर निगम के दो कूड़ा रिक्शे भी जल गए। घटना की जानकारी सोमवार को सफाई कर्मचारियों के मौके पर पहुंचने पर हुई।

मामले की जांच के लिए पहुंचे नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने प्लॉट स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और संबंधित मेडिकल स्टोर पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए थे। नगर निगम की टीम ने प्लॉट स्वामी नरेश कुमार का 23 हजार रुपये का चालान काटकर जुर्माना वसूल किया। साथ ही पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

नगर आयुक्त ने कहा कि खुले में कूड़ा डालना और जलाना प्रतिबंधित है, और इस तरह की गतिविधियों पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें - सौरभ

रुद्रपुर (आरएनएस)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव व छात्रसंघ समारोह में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने स्किल डवलवमेंट पर जोर दिया। वहीं विधायक निधि ने तैयार कम्प्यूटर लैब का भी शुभारम्भ किया। कैबिनेट मंत्री बहुगुणा, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, प्राचार्य प्रो. रेनू रानी बंसल ने वार्षिकोत्सव 'उत्कर्ष' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बहुगुणा ने कहा कि सितारगंज, शक्तिफार्म के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता था। उनके पिता ने अपने सीएम कार्यकाल में सितारगंज में डिग्री कॉलेज की नींव रखी। वह अपने पिता के रखी नींव को मजबूत करने में जुटे हैं। उन्होंने वर्तमान परिवेश में चुनौतियों पर छात्रों से संवाद किया। कहा कि उनके माता-पिता दिन-रात मेहनत कर बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने में जुटे हैं। छात्रों को उनके व गुरुजनों के मार्गदर्शन में अपने कॅरियर का लक्ष्य बनाने के लिए जुटना चाहिए। महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं व स्किल डेवलपमेंट के कार्यक्रमों में भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा शिक्षा, स्वास्थ्य उनकी प्राथमिकताओं में है। मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. रेनू रानी बंसल ने महाविद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कुमाउनी लोक गीतों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र जमकर झूमे। कैबिनेट मंत्री ने कॉलेज में तैनात असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजविंदर कौर की लिखित पुस्तक हिन्दी पत्रकारिता का बहुआयामी अध्ययन का विमोचन किया। यहां सितारगंज सिडकुल इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण सत्यवली, फकीर सिंह कन्याल, विनय डबराल, अवनीश त्रिवेदी, मनीश्वर मंडल, छात्रसंघ अध्यक्ष राजविंदर कौर, कुसुम आर्या, मनीष कुमारी, मनोज, चरनजीत सिंह, अजीत कुमार यादव, मुकेश कुमार, नेहा राणा, दया तिवारी, प्रो. सुभाष कुमार, डॉ. विमला सिंह, डॉ. दीपा मखोलिया, डॉ. जगदीपक जोशी, डॉ. राजविंदर कौर, डॉ. संजय टम्टा, डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. जगदीश प्रसाद, डॉ. गीताजंलि मिश्रा, डॉ. शोभा पांडे, डॉ. दीपा खम्पा, डॉ. कामिनी दीक्षित, डॉ. कमला उपाध्याय, डॉ. कार्तिक भट्ट, डॉ. सविता रानी, डॉ. दुर्गा तिवारी, डॉ. गरिमा जोशी, डॉ. सोहनी, डॉ. अजय लटवाल, डॉ. प्रकाश भट्ट, डॉ. प्रज्ञा, जानकी विश्वकर्मा, कमलेश जोशी, विकास कुमार मौजूद रहे।

# संजय चोपड़ा ने मंत्री राम सिंह कैड़ा का स्वागत कर ज्ञापन सौंपा

संवाददाता

हरिद्वार। संजय चोपडा ने शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैडा का प्रथम कुम्भ मेला में आगमन पर स्वागत कर ज्ञापन सौंपा।

आज यहां उत्तराखंड सरकार में शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा के प्रथम कुंभ मेला 2027 के विशेष आयोजन की समीक्षा वह विकास निर्माण के निरीक्षण के कार्यक्रम के दौरान मेला कंट्रोल रूम में कुंभ मेला संबंधित बैठक के दौरान संजय चोपड़ा ने अपने साथियों सहित शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा को अंग वस्त्र देकर फूल माला के साथ स्वागत कर अपनी



अपनी दो सूत्रीय मांगों के संबंध ज्ञापन भी प्रेषित किया। ज्ञापन में मांग की कि आगामी कुंभ मेला 2027 के विशेष आयोजन के दौरान कुशा घाट मार्ग पुराना 15 नंबर बिजली घर के स्थान पर नए पुल के निर्माण की मांग के साथ आगामी कुंभ मेले के दृष्टिगत सभी पार्किंगो के नजदीक उत्तराखंड नगरी फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार अलग से वेंडिंग जोन बनाए जाने की मांग को भी प्रमुखता से दोहराया। इस अवसर पर लघु व्यापार एसो के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कुंभ मेला 2027 के विकास कार्यों में मोती बाजार पुरानी सब्जी मंडी चौक रामघाट बाजार, अपर रोड, कुशा घाट, मार्ग के आने जाने के तीर्थ श्रद्धालुओं की सुविध ाओं को ध्यान में रखते हुए पुराने 15 नंबर बिजली घर के रिक्त स्थान पर नए पुल का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कुंभ मेले के आयोजन में सभी अखाड़ों वह पार्किंग के नजदीक रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों को योजनाबद्ध तरीके से वेंडिंग जोन के रूप में समाहित किया जाना न्याय संगत होगा। उन्होंने कहा मनसा देवी पैदल सीढ़ी मार्ग के सभी कारोबारी लघु व्यापारियों को प्राचीन मनसा देवी पैदल सीढ़ी मार्ग खोले जाने के साथ स्थानीय लघु व्यापारियों को भी फूल प्रसाद बिंदी चूड़ी माला का स्वरोजगार करने की अनुमति दिए जाने की उचित कार्रवाई नितांत में किया जाये। इस मौके पर शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने संबंधित अधिकारियों को संजय चोपड़ा के दिए गए प्रस्ताव को आगामी योजना में सम्मिलित किए जाने के निर्देश कुंभ मेला की बैठक के दौरान दिए। शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा का स्वागत करते सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों में राजकुमार, नीतीश अग्रवाल, फूल सिंह, सुनील कुकरेती, अनिल कुमार ,दीपक कुमार, कपिल, नितिन ,ओमप्रकाश, राम सिंह, वीरेंद्र आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## सू- दोकू क्र.008

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.07 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# भ्रामक पोस्ट पर एफआईआर न होने से भड़के कांग्रेसी

रुद्रपुर(आरएनएस)। एआई का दुरुपयोग कर फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नाम से आपत्तिजनक व भ्रामक पोस्ट वायरल किए जाने के मामले में एफआईआर दर्ज न होने पर कांग्रेसी भड़क उठे। कोतवाली पहुंचे कांग्रेसियों को जब वहां कोतवाल और एसएसआई नहीं मिले तो उन्होंने सीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। बाद में सीओ ने तीन-चार दिन में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। बीते रविवार को पार्षद गौरव खुराना ने पुलिस को तहरीर देकर गोदियाल के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। दो दिन बीतने के बाद भी कार्रवाई न होने पर कांग्रेसी नेता मोहन खेड़ा और संजय जुनेजा के नेतृत्व में कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। यहां कोतवाल और एसएसआई के न मिलने पर उनका आक्रोश बढ़ गया और वे प्रदर्शन करते हुए सीओ प्रशांत कुमार के कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सीओ ने शांतिपूर्ण ढंग से बात रखने को कहा। कांग्रेसियों ने कोतवाली में अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर नाराजगी जताई और आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। सीओ ने आश्वासन दिया कि दो-तीन दिन में जांच पूरी कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कांग्रेसी नेत्री मोनिका डाली, पार्षद जितेश शर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फर्जी आईडी से छवि बिगाड़ने का आरोप

सितारगंज। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फर्जी आईडी बनाकर प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। नगर अध्यक्ष सरताज अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ता एसएसआई राजेंद्र प्रसाद से मिले। उन्होंने बताया कि एआई के जरिए फोटो व वीडियो बनाकर भ्रामक सामग्री वायरल की जा रही है, जो कानूनन अपराध है। आरोप है कि पोस्ट के माध्यम से सामाजिक छवि धूमिल करने और आपत्तिजनक टिप्पणियां फैलाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेसियों ने मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। यहां कांग्रेस प्रदेश सचिव नवतेज पाल सिंह, शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, करन जंग, हरपाल सिंह, हरीश दुबे, दयानंद सिंह, रामनगीना प्रसाद, बिपिन खोलिया, सिराजुद्दीन, विभूति प्रसाद, श्रीकांत, सुमिंदर यादव, सतीश अरोरा मौजूद रहे।

## मॉक ड्रिल के साथ अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन

अल्मोड़ा(आरएनएस)। अग्निशमन सेवा सप्ताह 2०26 के तहत आयोजित कार्यक्रमों का समापन मॉक ड्रिल के साथ किया गया। अग्निशमन एवं आपात सेवा मुख्यालय, देहरादून के निर्देशों के क्रम में 2० अप्रैल को समापन अवसर पर यह आयोजन किया गया। अग्निशमन अधिकारी गणेश चंद्र ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान संस्थान में मॉक ड्रिल का संचालन किया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों के प्रकार, उनके उपयोग और रखरखाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के माध्यम से आग लगने की संभावित स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव और नियंत्रण की कार्यवाही का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही लोगों को आपात स्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता और सूझबूझ के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। अग्निशमन विभाग ने आमजन से अपील की कि वे अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें और आग से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों का पालन करें, ताकि जन-धन की हानि को रोका जा सके।

## मतदाता सूची की शत-प्रतिशत मैपिंग के लिए राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील

अल्मोड़ा (आरएनएस)। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की है। इस संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न दलों के पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी दलों के प्रतिनिधि बूथ स्तर पर तैनात बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर मतदाताओं की मैपिंग कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी दल को इस प्रक्रिया में कोई आपत्ति या शिकायत है, तो उसे प्रशासन के साथ साझा किया जाए, ताकि उसका परीक्षण कर समाधान किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासन के साथ-साथ राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस दौरान जानकारी दी गई कि जनपद में 2० अप्रैल तक 94.62 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है। कुल 5,28,118 पंजीकृत मतदाताओं में से 4,99,679 की मैपिंग हो चुकी है। अपर जिलाधिकारी ने सभी दलों से अपील की कि वे शत-प्रतिशत मैपिंग सुनिश्चित कराने के लिए बीएलओ के साथ समन्वय बढ़ाएं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए कि मैपिंग कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि जनपद में कुल 92० मतदान केंद्र हैं, जहां सभी दलों को अपने बूथ लेवल एजेंट तैनात करने हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन बूथों पर अभी तक बीएलए द्वितीय नियुक्त नहीं किए गए हैं, वहां शीघ्र नियुक्ति कर उन्हें सक्रिय किया जाए, जिससे मैपिंग कार्य में तेजी लाई जा सके। बैठक में उप निदेशक पर्यटन प्रकाश सिंह खत्री, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी भरत सिंह रावत सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडियों में काम कर रहे 3०० आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय बढ़ेगा

रुद्रपुर(आरएनएस)। उत्तराखंड कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड की 41वीं बोर्ड बैठक में नौ प्रस्तावों को मंजूरी दी गई और 155 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया। बैठक में आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया, जिससे प्रदेश की विभिन्न मंडियों में कार्यरत करीब 3०० कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इसके लिए वित्त नियंत्रक की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है।

मंडी निदेशालय में हुई बैठक की अध्यक्षता डॉ. अनिल कपूर डब्बू ने की। बैठक में सभी महिला कर्मियों को छह माह का प्रसूति अवकाश देने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा सड़क निर्माण समेत अन्य कार्यों के अनुमोदन को स्वीकृति दी गई। तय किया गया कि आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि कमेटी की संस्तुति के आधार पर की जाएगी। मंडी बोर्ड के विपणन क्षेत्र और अन्य कार्यों के विस्तार के लिए नए पद सृजित करने का प्रस्ताव भी पारित कर शासन को भेजा जाएगा। साथ ही उपनल कार्मिकों के लिए लागू शासनादेश की व्यवस्था को आउटसोर्स कर्मियों पर भी लागू करने का निर्णय लिया गया।2० दिन में मंडियों में डिजिटल बोर्ड पर प्रदर्शित होंगी दरेंडॉ. अनिल कपूर डब्बू ने बताया कि 2० दिनों के भीतर मंडी शुल्क वाली मंडियों में उपभोक्ताओं के लिए दरें निर्धारित कर दी जाएंगी। इन दरों को प्रतिदिन मंडी समितियों में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को खाद्य सामग्री, फल-सब्जियां आदि सस्ती दरों पर मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि मंडियों में विक्रेताओं के लाइसेंस बनाए जा रहे हैं और प्रमुख मंडियों में रिटेल काउंटर भी खोले जाएंगे।बेहतर मंडियों को मिलेगा नकद पुरस्कारबैठक में बेहतर कार्य करने वाली मंडियों को सम्मानित करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ।

राज्य स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली मंडी समितियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय 51०० और तृतीय 21०० रुपये नकद प्रोत्साहन के रूप में दिए जाएंगे।ये अधिकारी रहे मौजूदबैठक में प्रबंध निदेशक हेमंत कुमार वर्मा, महाप्रबंधक (प्रशासन) निर्मला बिष्ट, महाप्रबंधक (वित्त) जुबक मोहन सक्सेना, महाप्रबंधक (तकनीकी) विजय कुमार सहित शासन के प्रमुख सचिव वन, सचिव कृषि, सचिव वित्त, सचिव खाद्य, सचिव उद्यान, कृषि विपणन सलाहकार (भारत सरकार) और निदेशक कृषि के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के देवभूमि उत्तराखण्ड आगमन पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मंत्रीगणों ने उनका स्वागत किया।

## उत्तराखंड दौरे पर आएंगी कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा

देहरादून (कासं)। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी और सांसद कुमारी शैलजा एक बार फिर 4 मई को उत्तराखंड आ रही हैं। इस बार वह गढ़वाल मंडल के चार जिलों का दौरा कर कांग्रेसियों से वन–टू–वन संवाद करेगी। चुनावी साल में पार्टियों के बडेष्ट नेताओं की हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा गढ़वाल मंडल के चार जिलों का आगामी 4 मई से भ्रमण पर रहेंगी। उनके प्रस्तावित दौरे पर कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी का दौरा इसी तरह आगे भी चलता रहेगा। कांग्रेस सूत्रों की मानें तो गढ़वाल मंडल के दौरे पर वह 10 या 11 मईई तक कईई जिलों में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करेंगी। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि यह चुनावी वक्त है और ऐसे समय में यदि पार्टी प्रभारी दोबारा उत्तराखंड दौरे पर आती हैं तो इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होता है। पार्टी का मानना है कि इस बार दोगुनी क्षमता के साथ कांग्रेस पार्टी चुनावी रणभूमि में उतरने को पूरी तरह से तैयार है।

## रवि सिंह नेगी ने 67 साल की उम्र में पास की एमए मनोविज्ञान की परीक्षा

हमारे प्रतिनिधि



देहरादून। भारतीय वायु सेवा के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी तथा दून परिवार न्यायालय के परामर्शदाता रहे वरिष्ठ नागरिक समाजसेवी रवि सिंह नेगी द्वारा अपने 67 वें वर्ष में एमए मनोविज्ञान परीक्षा 70 प्रतिशत अंक के साथ पास करने पर दून के वरिष्ठ नागरिकों ने दी बधाई। संकल्प शिक्षण एवं कल्याण समिति के संस्थापक नेगी विगत 18 वर्षों से क्षत्रिय संदेश पत्रिका का भी संपादन करने के साथ समाज का समाज को तथा व्यथा नामक पुस्तकों के भी लेखक रहे है। बधाई देने वालों का कहना है की बूढ़े लोग बुझे कारतूस नहीं है अपनी पे आ जाय तो तोप भी दाग सकते हैं। इनमें ब्रि.के जी बहल,कर्नल बीएम थापा,पद्मश्री कल्याण सिंह रावत,सुशील त्यागी,प्रदीप कुकरेती,अवधेश शर्मा,अर्जुन कोहली, सुरेंद्र सिंह तोमर,अनूप सिंह चौहान, अनीता नेगी आदि शामिल थे।

## पेशावर कांड के शहीदों को किया याद

संवाददाता

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति ने पेशासर कांड की जयंती पर उन अनाम शहीदों को याद किया जिन्होंने इस कांड में शहादत पाई थी।

आज यहां नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कांवली रोड पर पेशावर कांड की जयंती के अवसर पर उन अनाम शहीदों को याद किया गया जिन्होंने इस कांड में शहादत पाई थी। स्मरण रहे कि 23 अप्रैल को देश की जनता उन शहीदों को याद करती है जो इस कांड में शहीद हुए थे। समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि इस कांड के महानायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को विशेष रूप से याद किया गया कि उन्होंने निहत्ते आंदोलनकारियों पर गोली चलाने से इनकार कर दिया था। मगर बड़े दुख का विषय है कि आज की हमारी युवा पीढ़ी को यह भी नहीं पता कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली कौन थे। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि उनमें देश भक्ति की भावना कितनी कूट कूट कर भरी थी। पेशावर कांड के शहीदों को याद करने वालों में समिति के महासचिव आरिफ वारसी, उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल, प्रदीप कुकरेती, दानिश नूर, गुलाम मुस्तफा, जे बिष्ट, सुशील विरमानी आदि उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा से खिलवाड़ पर सख्त कार्रवाई, भ्रामक वीडियो पर एफआईआर दर्ज

हमारे प्रतिनिधि

देहरादून। पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड की चार धाम यात्रा सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। राज्य सरकार द्वारा यात्री सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, ट्रैफिक प्रबंधन, आपदा सुरक्षा एवं डिजिटल मॉनीटरिंग को सुदृढ़ करते हुए प्रत्येक श्रद्धालु को सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चार धाम यात्रा के संबंध में भ्रामक, अपुष्ट एवं तथ्यहीन वीडियो/सामग्री प्रसारित कर आम जनमानस को भ्रमित करने तथा राज्य की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। जनपद रुद्रप्रयाग में सोशल मीडिया मॉनीटरिंग के दौरान एक ऐसा वीडियो संज्ञान में आया, जिसमें केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं को दर्शन से वंचित किए जाने संबंधी गलत जानकारी प्रसारित की जा रही थी।

उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना सोनप्रयाग में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। मामले की जांच प्रचलित है। साथ ही, ऐसे अन्य 4–5 संदिग्ध वीडियो भी चिन्हित किए गए हैं, जिनकी गहन जांच की जा रही है और उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि चार धाम यात्रा से जुड़ी व्यवस्थाएं पूर्णतः सुचारू हैं और श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से दर्शन कराए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, अफवाह या दुष्प्रचार को शून्य सहनशीलता के तहत लिया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की 24ग्7 निगरानी की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया है कि उत्तराखंड की आस्था, श्रद्धा एवं चार धाम यात्रा की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेशवासियों, श्रद्धालुओं एवं सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील की जाती है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें तथा किसी भी अपुष्ट, भ्रामक या संदिग्ध सामग्री को साझा करने से बचें।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यालय का ताला तोड चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यालय का ताला तोड वहां से सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रजिस्टार खाद्य सुरक्षा अपीलीय अधिकारी अनोज कुमार थपलियाल ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनका कार्यालय बाईपास में स्थित है। आज जब वह कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनके कार्यालय का ताला टूटा हुआ था जहां से 12 टोपियां व अन्य सामान गायब थी।

## आधार कार्ड में उम्र अधिक दिखाकर वृद्धा पेंशन का लाभ लेने के मामले में 17 लोगों पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। आधार कार्ड में उम्र अधिक दर्शाकर वृद्धा पेंशन का लाभ लेने के मामले में पुलिस ने 17 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक समाज कल्याण अधिकारी सहसपुर संदीप सिंह ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि खुशहाल पुर निवासी मुस्ताक पुत्र कासिम अली, सायीर पत्नी शमशाद अली, जमील पुत्र नाजीर मौहम्मद, नूरजहां पत्नी गुलजार, वरीश पत्नी अफजाल, इकरार कुरैशी पुत्र इकराम, नशरीन पत्नी अनवर, शाहजहां पत्नी असलम, असलम पुत्र गल्फुर, परवीन पत्नी अनिश, खातून पत्नी नूरहसन, नूरहसन पुत्र वाहिद, रसीदा पत्नी मुस्तकीम, नूरजहां पत्नी माशुम, सहिना पत्नी मकशूद ने वृद्ध पेंशन का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड में अपनी उम्र अधिक दर्शा रखी है। जिसकी जांच करने पर मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# महिला आरक्षण के मामले में भाजपा की नीयत साफ नहीं: गोदियाल

संवाददाता

देहरादून। महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस ने विधानसभा भवन के सामने धरना दिया। इस अवसर पर कांग्रेसे प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि महिला आरक्षण के मामले में भाजपा सरकार की नीयत साफ नही है।

आज यहां महिला आरक्षण के मुद्दे पर जनता को गुमराह किये जाने के खिलाफ आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा भवन के सामने विशाल एक दिवसीय धरने के माध्यम से राज्य की भाजपा सरकार से उत्तराखंड विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किये जाने की मांग की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही सैकडों की संख्या में एकत्र कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा भवन के सामने एक दिवसीय धरना देते हुए राज्य विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू किये जाने की मांग की। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह, प्रदेश चुनाव प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत, राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा, विधायक ममता राकेश, अनुपमा रावत, रवि बहादुर आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी एवं ओम प्रकाश सती बब्बन ने संयुक्त रूप से किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल वर्ष 2023 में संसद के दोनों सदनों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किये जाने हेतु महिला आरक्षण विधेयक (''नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023'' विधेयक) पूर्ण बहुमत के साथ पारित किया गया था। परन्तु भाजपा ने राजनैतिक मजबूरी में पास किये गये विधेयक को लागू करने में आना–कानी शुरू कर दी तथा विधेयक के प्रावधानों में निर्धारित तिथि तक आरक्षण लागू करने के बजाय बिना जनगणना के मनमाना परिसीमन विधेयक संसद में लाकर सदन को ही नहीं जनता विशेष रूप से मातृशक्ति को गुमराह करने का काम किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि 2008 में डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने महिला आरक्षण बिल को राज्यसभा में भारी बहुमत से पारित कर लोकसभा में रखने का प्रयास किया तब, वर्तमान में सत्ता रूढ़ भाजपा के सांसदों ने इसका घोर विरोध किया था, परन्तु राजनैतिक मजबूरी के चलते वर्ष 2023 में भाजपा को महिला आरक्षण बिल लाना पड़ा तथा देर आये दुरूस्त आये की तर्ज पर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार के इस फैसले का स्वागत एवं समर्थन किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नवप्रभात, कोषाध्यक्ष आर्येंद्र शर्मा, महामंत्री राजेंद्र भंडारी, नवीन जोशी, संजय पालीवाल, अश्विनी बहुगुणा, सुरेन्द्र रांगड़ महेन्द्र सिंह नेगी गुरू, संचार कमेटी के राष्ट्रीय सचिव वैभव वालिया, पूर्व विधायक राजकुमार, उपेन्द्र थापली, प्रवक्ता डॉ प्रतिमा सिंह, पूर्व मंत्री अजय सिंह, यशपाल चौहान, अमरेंद्र बिष्ट, राजेंद्र चौधरी राकेश मियाँ, जिलाध्यक्ष संजय किशोर, विरेन्द्र पोखरियाल, अमरजीत सिंह, अनुज गुप्ता, प्रवक्ता गरिमा दसोनी, शीशपाल बिष्ट, पूर्व महानगर अध्यक्ष लाल चंद्र शर्मा, हेमा पुरोहित, पंकज क्षेत्री, पिया थापा, सूरत सिंह नेगी, दिनेष कौषल, मनीष नागपाल, विकास नेगी, पूनम कंडारी, सावित्री थापा, मोहन काला, आशा डोबरियाल, पुष्पा पंवार, ललित भद्री, अनुराधा तिवाडी, अमित गुप्ता, पिया थापा, गौरव अग्रवाल, संजय शर्मा, संजय अग्रवाल, सुनीत राठौर, रेखा कांडपाल, मोहन खत्री, सोनिया आनंद, आशीष नौटियाल, अजय रावत, संग्राम पुण्डीर, नितिन बिष्ट, प्रशांत खंडूरी, मनमोहन शर्मा, बलवीर पंवार, रितेश क्षेत्री, महेश जोशी, मंजू चौहान, सचिन टिचकुले, टीकाराम पाण्डेय आदि अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# हत्या का खुलासा, हिस्ट्रीशीटर सहित दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारे सुपारी किलर है जिन्होने जमीनी विवाद के चलते हत्याकांड को अजाम दिया था। पुलिस हत्या में इस्तेमाल बाइक और सुपारी की रकम बरामद कर ली है जबकि सुपारी देने वाले मामा-भांजा फरार है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर ने बताया कि बीती 17 अप्रैल को ज्वालापुर निवासी एक महिला द्वारा कोतवाली ज्वालापुर में शिकायत दी गई कि उनके पति रवि चौहान पुत्र वेद प्रकाश निवासी सीतापुर उम्र 45 वर्ष जो कि घर से बिना बताए कहीं चले गए हैं जिनका कोई पता नही चल पा रहा है। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। लेकिन गुमशुदा का कुछ पता नहीं चल पाया। बीती 19 अप्रैल को गुमशुदा रवि चौहान का शव रानीपुर झाल से बरामद हुआ। शव की स्थिति देख पुलिस को शक हुआ कि मृतक की हत्या की गई है। जिस पर पुलिस ने इस एंगल पर जांच शुरू की। इस बीच पुलिस को डिजीटल एविडेंस मिले कि मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति मृतक रवि चौहान को अपने बीच में बैठाकर हरीलोक तिराह ज्वालापुर होते हुए रानीपुर झाल की ओर गए थे। उक्त दोनों जानकारी मिली कि तलाशे जा रहे संदिग्ध में से एक ज्वालापुर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर नदीम है। इस पर जब पुलिस हिस्ट्रीशीटर नदीम को पूछताछ हेतु बुलाया गया तो घटनाक्रम की सारी हकीकत सामने आ गई। आरोपी ने अपने साथी दानिश के साथ मिलकर रवि चौहान की हत्या करने की बात कबूलते हुए बताया कि उन्होंने सीतापुर निवासी मामा-भांजे द्वारा दी गई डेढ़ लाख रुपये की सुपारी के चलते ये हत्या की। रकम लेने के बाद दोनों ने पहले मृतक को शराब पिलाई और फिर मारपीट कर उसका गला घोंट दिया। इसके बाद उन्होंने रवि को मरा समझ उठाकर नहर पटरी रानीपुर झाल पर फेंक दिया ।




**●दोनो अपराधी है सुपारी किलर**
**●जमीनी विवाद में हुई थी हत्या**

जांच में सामने आया कि मृतक रवि चौहान को उसके भाई द्वारा उपहार स्वरूप कुछ जमीन दी गई थी जिस कारण पिछले काफी समय से भाई का दामाद नाराज चल रहा था और अलग-अलग तरीके से मृतक के परिवार का मानसिक/शारीरिक उत्पीड़न कर रहा था। इस विवाद से बचने के लिए मृतक ने रिश्ते के दामाद के नाम एक प्लॉट भी किया लेकिन विवाद नही थमा। अपने लालच को पूरा करने के लिए आरोपी ने अपने भतीजे के साथ मिलकर मृतक की हत्या की सुपारी दे दी। इस पर पुलिस ने हत्या करने आरोपी हिस्ट्रीशीटर नदीम और दानिश अली को हिरासत में लेकर उनके कब्जे के हत्या के दौरान इस्तेमाल मोटरसाइकिल तथा सुपारी के तौर पर मिली रकम में से बची धनराशि 61 हजार बरामद की। गुमशुदगी को हत्या की धाराओं में तरमीम किया गया है।

# खाई में गिरी कार, 3 की मौत



हमारे संवाददाता

रुद्रप्रयाग। सड़क दुर्घटना में देर रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार के गहरी खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौके पर हीं मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान चलाया और तीनों शवों को बाहर निकाला। जिस पर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

सड़क दुर्घटना का यह मामला भीरी-ककोला मोटर मार्ग का है। यहां एक वाहन अनियंत्रित होकर करीब 250 मीटर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे उसमें सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा देर शाम का बताया जा रहा है, जब वाहन भीरी से औरिंग की ओर जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली ऊखीमठ पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक मनोज नेगी और एसडीआरएफ पोस्ट अगस्त्यमुनि से उपनिरीक्षक धर्मेंद्र पंवार के नेतृत्व में राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। अंधेरा और खाई की गहराई रेस्क्यू ऑपरेशन में बड़ी चुनौती बनी रही, लेकिन टीम ने साहस दिखाते हुए नीचे उतरकर संयुक्त अभियान चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों शवों को खाई से बाहर निकाल लिया गया। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान नवीन सिंह (30 वर्ष), अंशुल (28 वर्ष) और अमित सिंह (35 वर्ष) के रूप में हुई है। सभी मृतक रुद्रप्रयाग जिले के ही निवासी बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

## *तनाव, भीड़ और नोंक झोंक के बीच मैनेजर ने अपना हाथ काटा*

*हमारे संवाददाता*

*पौड़ी। गैस एजेंसी में बढ़ती सिलेंडरों की कमी ने एक गंभीर रूप ले लिया, यहां एक एजेंसी के मैनेजर ने मानसिक दबाव में आकर कांच से अपना हाथ काट लिया। यह घटना उस समय हुई जब सुबह गैस की गाड़ी गोदाम में पहुंची और सिलेंडर लेने आए लोगों व एजेंसी कर्मचारियों के बीच तीखी बहस हो गई। बताया जा रहा है कि बीते कई दिनों से क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की किल्लत बनी हुई है, जिसके चलते एजेंसी पर भारी भीड़ उमड़ रही है। सीमित आपूर्ति और बढ़ती मांग के कारण कर्मचारियों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा था। इसी तनाव के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मैनेजर ने आपा खो दिया और खुद को घायल कर लिया। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।*

*डॉक्टरों के अनुसार, चोट गंभीर नहीं है और राहत की बात यह रही कि नस नहीं कटी। फिलहाल मैनेजर की हालत स्थिर बताई जा रही है और वह खतरे से बाहर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय हालात और युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जबकि सरकार की ओर से पर्याप्त उपलब्धता का दावा किया जा रहा है। हकीकत में एजेंसियों को पहले की तुलना में कम सिलेंडर मिल रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच रोजाना विवाद की स्थिति बन रही है।*

# पीएम का अपमान, कांग्रेस की नफरती राजनीति की पराकाष्ठाः भट्ट

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे द्वारा पीएम मोदी को आतंकवादी जैसी अत्यंत आपत्तिजनक और अमर्यादित शब्दावली की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने आरोप लगाया कि पीएम के इस तरह अपमान पर देश कांग्रेस पार्टी को कभी माफ नहीं करने वाला है। विपक्ष जितना कीचड़ उछलेगा कमल उतना ही खिलेगा। मीडिया में जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लोकतंत्र की मर्यादा को तार-तार कर दिया है। उनके नेता हार की हताशा में इस कदर डूब गए हैं कि राजनीतिक विरोध से बहुत आगे निजी हमलों पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी देश के प्रधानमंत्री, जिन्हें 140 करोड़ भारतीयों का अटूट विश्वास प्राप्त है और एक बार नहीं लगातार तीसरी बार उन्हें जनादेश प्राप्त हुआ है। उन्हें आतंकवादी कहना न केवल उनका अपमान है, बल्कि भारत की जनता और लोकतांत्रिक व्यवस्था का भी घोर अपमान है।



उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार नहीं बल्कि पीएम को गाली देने का कांग्रेस नेताओं का इतिहास है। उन्होंने याद दिलाया कि 'मौत का सौदागर' से लेकर 'नीच' और अब 'आतंकवादी' तक, कांग्रेस ने हमेशा भाषाई मर्यादा को लांघा है। अफसोस है कि ऐसा करने वालों में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, खड़गे, दिग्विजय सिंह, अधीर रंजन जैसे बड़े-बड़े नेता शामिल रहे हैं और इमरान मसूद जैसे छोटे नेता भी गाली देने के बाद पार्टी में बड़े बनाए गए।

उन्होंने राहुल गांधी पर तंज किया कि जो लोग 'मोहब्बत की दुकान' खोलने का दावा करते हैं, वह वास्तव में देश में नफरत और विभाजन का जहर घोल रहे हैं। खड़गे का बयान इसी नफरत की मानसिकता का परिचायक है।

# मंत्री ने विकास कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में चल रहे सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।

आज यहां कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने कैंप कार्यालय में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर मसूरी विधानसभा क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में चल रहे सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो कार्य अभी लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि आमजन को समय पर सुविधाओं का लाभ मिल सके। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद देहरादून में बाल्दी नदी से सहस्त्रधारा बाजार के दोनों तटों पर अनुमानित लागत 2708 लाख रूपये की लागत से बाढ़ सुरक्षा कार्यए कार्लीगाड़ गांव में कार्लीगाड़ नदी पर लागत 503 लाख रूपये से बाढ़ सुरक्षा कार्य तथा ग्राम पंचायत धनौला से बांडावाली तक बाल्दी नदी के दोनों तटों पर लागत 854 लाख रूपये से बाढ़ सुरक्षा कार्य को मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया।



उन्होंने अधिकारियों को शासन स्तर पर लंबित प्रस्तावों की शीघ्र स्वीकृति हेतु निरंतर फॉलोअप करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा न आए तथा सभी योजनाएं तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण की जाएं। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता सिंचाई संजय राज, सहायक अभियंता सचिन सेमवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*